# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 अप्रैल 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का लोकार्पण किया। छह लेन वाला दो सौ तेरह किलोमीटर लंबा दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारा बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह कॉरिडोर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड को जोड़ता है। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देहरादून–दिल्ली आर्थिक कॉरिडोर से इस पूरे क्षेत्र का कायाकल्प होने जा रहा है। इससे समय बचेगा और लोगों का पेट्रोल–डीजल भी कम खर्च होगा। पीएम मोदी ने सड़कों और अन्य तरह की कनेक्टिविटी को राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि–

***राष्ट्र की भाग्य रेखाएं यह हमारी सड़कें होती हैं। हमारे हाईवे होते हैं, हमारे एक्सप्रेसवे होते हैं, एयरवे, रेलवे, वाटरवे यह हमारे राष्ट्र की भाग्य रेखाएं होती है। और बीते एक दशक से हमारा देश विकसित भारत बनाने के लिए विकास की ऐसी ही भाग्य रेखाओं के निर्माण में जुटा हुआ है।***

प्रधानमंत्री ने विकास कार्यों में प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा–

***हम ऐसा विकसित भारत बनाने में जुटे हैं जहां प्रगति भी हो। प्रकृति भी हो और संस्कृति भी हो और इसलिए आज होने वाले हर निर्माण को इन्हीं त्रिवेणी प्रगति प्रकृति और संस्कृति की त्रिवेणी इनहीं मूल्यों के आधार पर विकसित किया जा रहा है।***

केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी जनसभा को सम्बोधित किया जबकि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली से और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पीएम मोदी के कार्यक्रम में सहारनपुर से वर्चुअल जुड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह गलियारा दिल्ली और सहारनपुर से देहरादून तक यात्रा समय को छह घंटे से घटाकर लगभग ढाई घंटे कर देगा। मुख्यमंत्री ने इस कॉरिडोर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये महत्वपूर्ण बताया।

***इसके माध्यम से सहारनपुर का वुड वर्क का जो कार्य है। यहां के शामली, मुजफरनगर, मेरठ, बागपत यहां पर जो भी प्रोडक्ट बनता है अब इसके माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी के साथ साथ दुनिया के बाजार में पहुचाने का एक उत्तम माध्यम यह इकोनॉमिक कोरिडोर आपको प्राप्त हुआ है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सहारनपुर में दिल्ली–देहरादून आर्थिक कॉरिडोर के महत्वपूर्ण हिस्से एलिवेटेड वन्य जीव कॉरिडोर का निरीक्षण किया। करीब बारह किलोमीटर लम्बे इस कॉरिडोर में विशेष अण्डरपास बनाये गये हैं, जिनसे वन्य जीव बिना किसी बाधा के आवागमन कर सकेंगे। प्रधानमंत्री के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। वन्य जीव कॉरिडोर का निरीक्षण करने से पूर्व प्रधानमंत्री ने रोड शो कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने पुष्प वर्षा कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। पीएम मोदी ने डाट काली मंदिर में दर्शन–पूजन भी किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि निर्णय लेने में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वर्ष– दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि सोलह अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी।

**********

भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती आज प्रदेश भर में मनायी जा रही है। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में विविध कार्यक्रमों के जरिये राष्ट्रहित में बाबा साहेब के योगदान को याद किया गया। डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमाओं पर सुबह से शाम तक श्रद्धा–सुमन अर्पित करने के कार्यक्रम जारी रहे। बाबा साहेब आम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें अन्त्योदय और लोक कल्याण के प्रति समर्पित मां भारती का अमूल्य रत्न बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर आम्बेडकर का प्रेरक जीवन हम सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहेगा। बाबा साहेब की जयंती पर लखनऊ स्थित आम्बेडकर महासभा कार्यालय परिसर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेस सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य और असीम अरूण भी शामिल हुए।

**********

बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर जारी घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपना त्यागपत्र राज्यपाल सैयद अता हसनैन को सौंप दिया है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया है। अब एनडीए की बैठक के बाद उनका नाम औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री के लिये चयनित किया जायेगा।

**********